शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार
अभ्यास प्रश्न पत्र (मध्यावधि परीक्षा)
सत्रः 2025–26
कक्षा 6
सामाजिक विज्ञान

समय 2 घण्टा 30 मिनट | अधिकतम अंकः 60

**सामान्य निर्देश:**

(i) इस प्रश्न पत्र में छः खंड हैं- क, ख, ग, घ, ङ और च। प्रश्न पत्र में कुल 14 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) खंड क- प्रश्न संख्या 1.i. से 1.xv तक, बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिनमें से प्रत्येक 1 अंक का है।

(iii) खंड ख- प्रश्न संख्या 2 से 5 तक, अति लघुउत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें से प्रत्येक 2 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 20 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(iv) खंड ग- प्रश्न संख्या 6 एवं 7, लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें से प्रत्येक 3 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 40 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(v) खंड घ- प्रश्न संख्या 8 एवं 9, दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें से प्रत्येक 5 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(vi) खंड ङ - प्रश्न संख्या 10 से 13 तक, केस आधारित प्रश्न हैं जिनमें से प्रत्येक 4 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न में 3 उप प्रश्न हैं।

(vii) खंड च- प्रश्न संख्या 14 एक मानचित्र आधारित प्रश्न हैं जो 5 अंकों का है।

(viii) मानचित्र आधारित प्रश्न संख्या 14 के स्थान पर **दृष्टिबाधित विद्यार्थियों** के लिए अलग से प्रश्न दिए गए हैं।

(ix) प्रश्न पत्र में समग्र रूप से कोई विकल्प प्रदान नहीं किया गया है। हालांकि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का उत्तर लिखिए।


(x) इसके अलावा जहाँ भी आवश्यक है प्रत्येक अनुभाग और प्रश्न के साथ अलग-अलग निर्देश दिए गए हैं।

| प्र.स. | खंड क<br>बहुविकल्पीय प्रश्न | अंक<br>1x15=15 |
|---|---|---|
| i. | सही मिलान की पहचान कीजिए।<br>A. विश्व का सबसे बड़ा महासागर- प्रशांत महासागर<br>B. विश्व का सबसे बड़ा महासागर- हिंद महासागर<br>C. विश्व का सबसे बड़ा महासागर- आर्कटिक महासागर<br>D. विश्व का सबसे बड़ा महासागर- दक्षिणी महासागर | 1 |
| ii. | नीचे दो कथन, कथन (I) और कथन (II) के रूप में दिए हैं। दोनों कथनों को पढिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>कथन (I): विश्व महासागर दिवस प्रतिवर्ष 2 जून को मनाया जाता है।<br>कथन (II) : महासागर मानव जीवन के लिए बहुत उपयोगी है।<br>**विकल्प:**<br>A. कथन (I) और कथन (II) दोनों सही है।<br>B. कथन (I) और कथन (II) दोनों गलत है।<br>C. कथन (I) सही और कथन (II) गलत है।<br>D. कथन (I) गलत और कथन (II) सही है। | 1 |
| iii. | गलत मिलन की पहचान कीजिए।<br>A. मानचित्र का प्रकार - राजनीतिक मानचित्र<br>B. मानचित्र का प्रकार- भौतिक मानचित्र<br>C. मानचित्र का प्रकार -थिमेटिक मानचित्र<br>D. मानचित्र का प्रकार- ग्लोब | 1 |
| iv. | उचित विकल्प की सहायता से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।<br>रूस में------- समय क्षेत्र हैं।<br>विकल्प<br>A. 5<br>B. 7<br>C. 9<br>D. 11 | 1 |
| v. | भारत निम्नलिखित में से किस महाद्वीप का हिस्सा है?<br>A. एशिया<br>B. अफ्रीका<br>C. ऑस्ट्रेलिया<br>D. उत्तरी अमेरिका | 1 |
| vi. | भारत ने दक्षिण गंगोत्री नमक पहला वैज्ञानिक बेस स्टेशन कहां स्थापित किया था?<br>A. उत्तरी अमेरिका<br>B. दक्षिण अमेरिका<br>C. अफ्रीका<br>D. अंटार्कटिका | 1 |
| vii. | भारतीय नौसेना के प्रतीक चिन्ह में किस देवता की स्तुति की गई है?<br>A. इंद्र<br>B. वरुण<br>C. यमराज<br>D. सूर्य | 1 |
| viii. | उचित विकल्प की सहायता से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।<br>........................वर्षों का कालखंड शताब्दी कहलाता है।<br>**विकल्प**<br>A. 80<br>B. 90<br>C. 100 | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | D. 120 | |
| ix. | निम्नलिखित में से किस घटना का पता लगाने के लिए पंचांग का प्रयोग नहीं होता?<br>A. भूकंप<br>B. सूर्य ग्रहण<br>C. चंद्र ग्रहण<br>D. सूर्योदय एवं सूर्यास्त का समय | 1 |
| x. | जुआनजैंग किस देश से भारत आया था?<br>A. फारस<br>B. इटलीं<br>C. चीन<br>D. रूस | 1 |
| xi. | हलमा प्रथा का उद्देश्य था-<br>A. वृक्षों को लगाना<br>B. नदियों को स्वच्छ बनाना<br>C. बांधों को बनाना<br>D. बिजली उत्पादन करना | 1 |
| xii. | नीचे दो कथन, कथन (I) और कथन (II) के रूप में दिए हैं। दोनों कथनों को पढिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>कथन (I): आर्थिक गतिविधियां महत्वपूर्ण है।<br>कथन (II) :गैर आर्थिक गतिविधियों से हमें धन प्राप्त होता है।<br>**विकल्प**<br>A. कथन (I) और कथन (II) दोनों सही है।<br>B. कथन (I) और कथन (II) दोनों गलत है।<br>C. कथन (I) सही और कथन (II) गलत है।<br>D. कथन (I) गलत और कथन (II) सही है। | 1 |
| xiii. | रमेश चाहता है कि साइबर कानून को और अधिक सख्त बनाया जाए इसके लिए उसे सरकार के किस अंग के पास जाना चाहिए?<br>A. विधायिका<br>B. कार्यपालिका<br>C. न्यायपालिका<br>D. भारतीय निर्वाचन आयोग | 1 |
| xiv. | निम्नलिखित में से कौन भारत की तीनों सेना का प्रमुख होता है?<br>A. थल सेना अध्यक्ष<br>B. वायु सेना अध्यक्ष<br>C. नौसेना अध्यक्ष<br>D. राष्ट्रपति | 1 |
| xv. | असंगत की पहचान कीजिए।<br>A. माता-पिता<br>B. चाचा -चाची<br>C. दादा- दादी<br>D. समुदाय | 1 |
| | **खंड ख**<br>**अति लघु उत्तरीय प्रश्न** | **4x2=8** |
| 2. | A. मानचित्रो के महत्व का वर्णन कीजिए।<br>अथवा<br>B. मानचित्र में दर्शाए गए प्रतीक चिन्हो के महत्व का वर्णन कीजिए। | 2<br><br>2 |

| | | |
|---|---|---|
| 3. | महासागरों के कोई दो महत्व लिखिए। | 2 |
| 4. | A. आदिमानव को किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा?<br>अथवा<br>B. पुरातत्वविज्ञानी का क्या कार्य हैं? | 2<br><br>2 |
| 5. | समुदाय के कोई दो कार्य लिखिए। | 2 |
| | **खंड ग**<br>**लघु उत्तरीय प्रश्न** | **2x3=6** |
| 6. | A. लोकतंत्र के महत्व का विश्लेषण कीजिए।<br>अथवा<br>B. डॉ एपीजे अब्दुल कलाम का जीवन परिचय दीजिए। | 3<br><br>3 |
| 7. | A. आर्थिक गतिविधियां क्यों जरूरी है?<br>अथवा<br>B. सामुदायिक सहभागिता के महत्व का वर्णन कीजिए। | 3<br><br>3 |
| | **खंड घ**<br>**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** | **2x5=10** |
| 8. | प्रारंभ में ईरान यूनान और चीन ने भारत भूमि के लिए किन शब्दों का प्रयोग किया एवं क्यों? | 5 |
| 9. | A. इतिहास में समय की गणना किस प्रकार की जाती है?वर्णन कीजिए।<br>अथवा<br>B. इतिहास को जानने के किन्हीं पांच स्रोतों को सूचीबद्ध कीजिए। | 5<br><br>5 |
| | **खंड ड़**<br>**केस आधारित प्रश्न** | **4x4=16** |
| 10. | **निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**<br>पृथ्वी का मानचित्रण कुछ अधिक कठिन है क्योंकि हमारे ग्रह का आकार चपटा नहीं है। इसकी आकृति लगभग गोलाकार है (हम 'लगभग' इसलिए कहते हैं क्योंकि यह पूर्ण गोलाकार नहीं है, अपितु ध्रुवों पर थोड़ी चपटी है। इसे इसे व्यावहारिक दृष्टि से गोलाकार मानोगे)। इसका मतलब पृथ्वी पर एक गोलाकार सतह को समतल सतह पर उतारना संभव नहीं है। इस समस्या के समाधान के लिए पृथ्वी के छोटे भागों को समतल सतह पर उतारा गया। इससे केवल सीमित क्षेत्र का मानचित्र बन पाया जबकि पृथ्वी के पूरे भाग का उतारना कठिन हो गया। एक क्षेत्र में बनी चपटी सतह अन्य क्षेत्र की सतह की तुलना में ठीक न बैठ पाती और यह स्थिति उत्पन्न हो जाती है।<br>अब एक ग्लोब का विचार कीजिए, जो एक गोल आकृति वाला है और उस पर एक मानचित्र बनाया गया है। यह पृथ्वी, भूमि, महासागर तथा उनके अनुपातिक क्षेत्रफल का सही प्रतिनिधित्व करता है। जैसे मानचित्र पर हम एक समतल सतह पर पृथ्वी का चित्र बनाते हैं, वैसे ही ग्लोब पर पृथ्वी का त्रिविम (थ्री डायमेंशन) रूप देखा जा सकता है। ग्लोब धातु, लकड़ी, प्लास्टिक या किसी भी अन्य टिकाऊ पदार्थ से बने होते हैं।<br>वैसे पृथ्वी के भूगोल का प्रतिनिधित्व करने का सबसे सही साधन है, परन्तु पृथ्वी का आकार एक गोला (ग्लोब) होने के कारण मानचित्र, ग्लोब की अपेक्षा अधिक सुविधाजनक होते हैं। विशेषतः सम्पूर्ण विश्व का चित्रण तथा विश्व के भूगोल का अध्ययन करने में यह अधिक प्रतिनिधित्व करता है।<br><br>**10.1 मानचित्र की वर्णन कीजिए। 1**<br>**10.2 पृथ्वी का मानचित्रीकरण क्यों कठिन हैं? 1**<br>**10.3 ग्लोब के महत्व का वर्णन कीजिए। 2** | 4 |
| 11. | **निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**<br>अपने धर्म या कर्तव्यों का पालन करना भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण सिद्धांत रहा है। परिवार एक 'विद्यालय' भी है, जहाँ बच्चे अहिंसा, दान, सेवा और त्याग जैसे महत्वपूर्ण मूल्य सीखते हैं। परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए इसके सदस्य प्रायः अपनी इच्छाओं को त्याग देते हैं।<br><br>**11.1 भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण सिद्धांत क्या है? 1**<br>**11.2 परिवार किस प्रकार एक विद्यालय की भूमिका निभाता है? 1**<br>**11.3 परिवार के माध्यम से व्यक्ति में किन गुणों का विकास होता है? किन्हीं दो का वर्णन कीजिए।2** | 4 |

| | | |
|---|---|---|
| 12. | **निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**<br>आपने देखा होगा कि हमने इससे पहले की बात की थी विश्व के अधिकतर देशों ने शासन "प्रतिनिधियों-जन" है जो ग्रीक भाषा के 'डेमोक्रेसी' प्रणाली की नींव के रूप में लोकतंत्र को अपनाया है। इसका अंग्रेजी शब्द से बना है 'शासन प्रणाली या तंत्र या शक्ति' अर्थात 'क्रेटोस' और 'लोग' अर्थात 'डेमोस' दो शब्दों, अतः डेमोक्रेसी का शाब्दिक अर्थ हुआ लोक।(लोगों का शासन) शासन या गणतंत्र-<br><br>**12.1 डेमोक्रेसी किस भाषा के शब्दों से बना है? 1**<br>**12.2 लोकतंत्र का क्या अर्थ है? 1**<br>**12.3 अपने दैनिक जीवन के उदाहरण क माध्यम से लोकतंत्र के महत्व की व्याख्या कीजिए। 2** | 4 |
| 13. | **निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**<br>आर्थिक गतिविधियाँ वे हैं जिनमें अर्थ धन), मुद्रा ( सम्मिलित होता है अथवा जिन्हें अर्थोपार्जन के लिए किया सम्मिलित पक्षों के लिए वस्तु के नकद मूल्य से संबद्ध होती हैं। उदाहरण के लिए जाता है अथवा जो, व्यापारी बाज़ार में वस्त्र बेचते हैं, किसान अपनी उपज बाज़ार में बेचते हैं, वकील अभियोजन का शुल्क लेते हैं, ट्रक चालक वस्तुओं को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाते हैं, श्रमिक कार बनाने वाले कारखानों में काम करते हैं, इत्यादि।<br><br>**13.1बाजार शब्द की व्याख्या कीजिए। 1**<br>**13.2 शुल्क शब्द की व्याख्या कीजिए। 1**<br>**13.3 आर्थिक गतिविधियों के महत्व का वर्णन कीजिए। 2** | 4 |
| | **खण्ड च**<br>**मानचित्र कौशल आधारित प्रश्न** | 5 |
| 14. | भारत के राजनीतिक रेखा मानचित्र में निम्नलिखित में से किन्हीं पांच को उपयुक्त चिन्हों की सहायता से दर्शाइए।<br>1. मत्स्य<br>2. किष्किंधा<br>3. चोल<br>4. प्रागज्योतिष<br>5. अवंति<br>6. केरल<br><br>**निम्नलिखित प्रश्न,प्रश्न संख्या 14 के स्थान पर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों हेतु हैं।**<br>14.1 उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ वर्तमान में मत्स्य स्थित है।<br>14.2 उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ वर्तमान में किष्किंधा स्थित है।<br>14.3 उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ वर्तमान में चोल स्थित है।<br>14.4 उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ वर्तमान में अवंति स्थित है।<br>14.5 उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ वर्तमान में प्रागज्योतिष स्थित है।<br>14.6 उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ वर्तमान में मगध स्थित है। | 5 |


भारत– राजनैतिक
INDIA-POLITICAL
68°
72°
76°
80°
84°
88°
92°
96°
36°
32°
28°
24°
23½°
20°
16°
12°
8°
Tropic of cancer
Scale
1cm=175 Kms (approx)